मिसाइलमैन कलाम के जन्मदिन पर डीएवीवी में हरित सम्मेलन, अब पौधे देने की परंपरा शुरू

इंदौर | मिसाइल मैन और देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के 88वें जन्म दिवस पर डीएवीवी के स्कूल ऑफ कॉमर्स में हरित सम्मेलन का आयोजन किया। इस मौके पर यूनिवर्सिटी में पुष्प गुच्छ देने की परंपरा को समाप्त कर मिट्टी से निर्मित बुद्धा के गमले और तुलसी के पौधे अतिथियों को भेंट करने की प्रथा शुरू की। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. रेणु जैन व कुलसचिव अनिल शर्मा उद्यमिता केंद्र का शुभारंभ किया। इसके बाद वक्ता नितिन मोहन डेहरिया ने उद्यमिता के विषय पर छात्रों को संबोधित किया। गुल्लक योजना की शुरुआत भी की। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति सिंह व स्टाफ मौजूद था।

यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में एक घंटा कराया जाए योग

यूजीसी के निर्देश, शिक्षकों को भी करना होगा योग

इंदौर/भोपाल। नईदुनिया प्रतिनिधि

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सभी यूनिवर्सिटी और कॉलेजों को छात्रों को प्रतिदिन एक घंटा योग कराने के निर्देश दिए हैं। छात्रों के साथ शिक्षकों को भी योग करना अनिवार्य होगा। ये निर्देश 'फिट इंडिया अभियान' के तहत दिए गए हैं। यूजीसी का मानना है जंक फूड और फास्ट फूड से युवाओं में तेजी से बीमारियां बढ़ रही हैं। इसे लेकर सरकार चिंतित है। यही वजह है यूजीसी ने कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में स्वास्थ्य को लेकर अभियान शुरू करने की जरूरत बताते हुए निर्देश जारी किए हैं।

यूजीसी ने निर्देश में कहा है कि विवि अपने अकादमिक कैलेंडर में अनिवार्य तौर पर स्वास्थ्य सजगता को लेकर खेल गतिविधियों को शामिल करें। सभी उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को व्यायाम, योग, ध्यान, पैदल चलना, साइकिल चलाना, एरोबिक्स, डांस, मार्शल आर्ट जैसे स्वास्थ्य क्रियाकलापों पर प्रतिदिन एक घंटा देने के लिए कहा जाए। कुलपति, रजिस्ट्रार, प्रिंसिपल, प्रोफेसर स्वास्थ्य क्रियाकलापों की गतिविधियों में छात्रों और शिक्षकों का नेतृत्व कर शामिल हों।

एक हजार कदम चलें पैदल

छात्रों और शिक्षकों को रोजाना करीब एक हजार कदम पैदल चलने के लिए प्रेरित किया जाए। परिसर के भीतर साइकिल जोन बनाया जाए। संस्थानों में अवसाद और तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला व सेमिनार का आयोजन किया जाए। संतुलित पोषण आहार के बारे में भी छात्रों को पूरी जानकारी दी जाए। खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी कम से कम तीन माह में एक बार आयोजन किया जाए।